सं.-प्रशा./हि.क./97/हि. पख/जि-4
कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक
उदयन विहार, नारंगी
गुवाहाटी- 781171
दिनांक - 04/08/2016

सेवा में

प्रभारी अधिकारी

1. मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग — All Sections of M.O.
2. सभी अधीनस्थ कार्यालय — All Sub-offices
(मानक सूची के अनुसार) — (as per standard list)

विषय : **<u>हिंदी दिवस / पखवाड़ा वर्ष 2016 का आयोजन</u>** ।

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्मित वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्य के अनुसार राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों/उपक्रमों/निगमों आदि में हिंदी पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया है । इस आयोजन की सफलता के लिए आपसे अनुरोध है कि निम्नलिखित बिन्दुओं पर कार्रवाई सुनिश्चित करें :-

1. अपने अधीन अनुभागों/कार्यालयों में पर्याप्त संख्या में हिंदी पखवाड़ा की अवधि में दिनांक 01.09.2016 से 14.09.2016 तक कागज पर लिखा पोस्टर लगवाए ताकि इसे व्यापक प्रचार-प्रसार मिले ।
2. पखवाड़े के दौरान अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा जहां तक संभव हो, अपना आद्यक्षर (Initial) हिंदी में ही करने के लिए प्रेरित करें ।
3. हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों को इस अवधि के दौरान प्रयुक्त होने वाली फाइलों पर कम से कम एक पत्र की दर से अपना निपटान हिंदी में ही देने को प्रेरित करें।
4. इस अवधि में न केवल हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दें बल्कि अंग्रेज़ी में प्राप्त पत्रों के उत्तर भी हिंदी में देने के प्रयास करें ।
5. सभी फाइलों एवं रजिस्टरों पर विषय आदि द्विभाषी में लिखवाए ।

पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताओं के आयोजन का निर्णय लिया गया है, जिसमें अधिक से अधिक अधिकारियों / कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरणा एवं उत्साह प्रदान करें ।

1. <u>हिंदी टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता</u> :- यह प्रतियोगिता दिनांक **<u>06.09.2016</u>** को 11.00 बजे से 12.00 बजे तक प्रशिक्षण कक्ष/ सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी । प्रतियोगिता का विषय कार्यालयीन पदों के अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रारूप तथा कुछ नेमी प्रकार की टिप्पणियाँ रहेगी । प्रश्न-पत्र प्रतियोगिता आयोजन के पूर्व प्रशिक्षण कक्ष / सम्मेलन कक्ष (training hall/ conference hall) में ही दिया जाएगा ।
यह प्रतियोगिता दो समूहों में आयोजित की जाएगी- (i) हिंदी-भाषी अधिकारी/कर्मचारियों के लिए तथा
(ii) हिंदीतर अधिकारी/कर्मचारियों के लिए ।

2. <u>हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता</u> :- इस संगठन में कार्यरत सभी अधिकारी/कर्मचारी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं । यह प्रतियोगिता दिनांक **<u>07.09.2016</u>** को 11.00 बजे से 12.00 बजे तक

प्रशिक्षण कक्ष/ सम्मेलन कक्ष (training hall/ conference hall) में आयोजित की जाएगी । प्रतियोगिता का विषय प्रतियोगियों को उसी समय दी जाएगी । यह प्रतियोगिता सभी के लिए मुक्त होगी ।

3. <u>हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता</u> :- यह प्रतियोगिता दिनांक **<u>09.09.2016</u>** को 11.00 बजे से 12.00 बजे तक कम्यूनिटी हॉल (community Hall) में आयोजित की जाएगी । इस प्रतियोगिता में राजभाषा हिंदी, कार्यालयीन एवं सामान्य ज्ञान के आधार पर प्रश्न-पत्र तैयार किए जाएंगे । यह प्रतियोगिता सभी के लिए मुक्त होगी ।

4. <u>हिंदी अंताक्षरी प्रतियोगिता</u> :- इस प्रतियोगिता में सभी अधिकारी/कर्मचारी वर्ग भाग लेने के पात्र हैं । यह प्रतियोगिता दिनांक **<u>08.09.2016</u>** को 11.00 बजे से कम्यूनिटी हॉल (community Hall) में आयोजित की जाएगी । यह प्रतियोगिता सभी के लिए मुक्त होगी ।

इस संबंध में इस कार्यालय के दिनांक 25.07.2014 के समसंख्यक पत्र का अवलोकन करते हुए आपके कार्यालय के लिए स्वीकृत नोडल कार्यालय (Nodal Office) से संपर्क करें । अधिक जानकारी के लिए मुख्य कार्यालय के हिंदी कक्ष से संपर्क किया जा सकता है । प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक स्थानीय अधीनस्थ कार्यालय के अधिकारी / कर्मचारी **<u>02 सितंबर, 2016</u>** तक अपना नामांकन हिंदी कक्ष को प्रस्तुत करें । ***आवश्यकता पड़ने पर प्रतियोगिताओं के समय व स्थान में परिवर्तन किया जा सकता है जिसकी सूचना समय रहते दी जाएगी ।***

सभी प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन इस कार्यालय के अधिकारियों की समिति द्वारा की जाएगी तथा इनमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए प्रतियोगियों का चयन किया जाएगा । पुरस्कार राशि संबंधी ब्यौरा निम्न प्रकार से है :-

1.	प्रथम पुरस्कार /1st Prize	रूपये 2000/-
2.	द्वितीय पुरस्कार /2nd Prize	रूपये 1750/-
3.	तृतीय पुरस्कार /3rd Prize	रूपये 1500/-
4.	सांत्वना पुरस्कार /Consolation Prize	रूपये 1000/-

विजेता प्रतियोगियों को 14.09.2016 को हिन्दी दिवस समारोह में रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय के कर-कमलों द्वारा पारितोषिक एवं प्रमाण-पत्र दिया जाएगा ।

–ह०–
(एच.बी. दत्ता)
व. लेखा अधिकारी (प्रशा)

प्रतिलिपि प्रेषित :-

1. मुख्य कार्यालय के सभी अधिकारी
2. सांस्कृतिक सचिव, डी.ए.आर.सी. गुवाहाटी
3. प्रशासन- 4 अनुभाग

} सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

4. प्रभारी अधिकारी, ईडीपी केंद्र (स्थानीय) - र.ले.नि. गुवाहाटी के वैबसाइट में उपलोड करने हेतु ।

हिन्दोल दत्ता
(एच.बी. दत्ता)
व. लेखा अधिकारी (प्रशा)